2517

कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुरादाबाद।

(एल–25, रामगंगा विहार, फेस–प्रथम, सोनकपुर स्टेडियम, कॉठ रोड, मुरादाबाद–दूरभाष सं0–0591–2450066)

पत्रांक –2519 /14–1 दिनांक, मुरादाबाद, मार्च,26, 2021.

सेवा में,

वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

विषयः– जनपद मुरादाबाद में भारत पैट्रोलियम कार्पो0 लि0, मेरठ द्वारा मुरादाबाद–हरिद्वार–देहरादून (मुरादाबाद–कांठ) मार्ग (एस0एच–49) के किमी0 19–20 के मध्य बॉयी पटरी पर ग्राम खलीलपुर अमरू तहसील कांठ जिला मुरादाबाद के गाटा संख्या–187/1 पर रिटेल आउटलेट/पैट्रोल पम्प के स्थापना स्थल से मुख्य मार्ग तक आवागमन हेतु सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.075063 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 03 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बंध में।

संदर्भः– आपका पत्रांक–2849/14–1 दिनांक 25–03–2021.

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकरन करें। उक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से आप द्वारा प्रश्नगत प्रकरण में कतिपय बिन्दु सं0–1 से 3 तक आपत्तियॉ की गयी हैं, जिनका निस्तारण मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक–2501/11सी, दिनांक 24–5–2016 के क्रम में निम्नवत् कर निर्धारित प्रपत्र में बिन्दुवार अनुपालन आख्या एवं संशोधित प्रस्ताव की 04 प्रतियां संस्तुति सहित अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। कृपया अपने स्तर से अग्रिम कार्यवाही कर प्रस्ताव उच्च स्तर को प्रेषित करना चाहें–

Observ No.	Observation of C.F.	Reply
1	आनलाईन पार्ट–2 के बिन्दु सं0–4(ii) की तालिका में अंकित वृक्षों का विवरण तथा प्रस्ताव में संलग्न वृक्षों की सूची में भिन्नता है। भिन्नता दूर करें।	आनलाईन पार्ट–2 के बिन्दु सं0–4(ii) की तालिका में अंकित वृक्षों का विवरण संशोधित कर प्रस्ताव में चस्पा कर दिया गया है।
2	प्रस्ताव एवं आनलाईन भाग–2 में अपलोड सी0ए0 प्राक्कलन निर्धारित मानक के अनुसार नही बनाया गया है। सी0ए0 प्राक्कलन मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ की पत्र सं0–526/11–सी दिनांक 09–09–2016 द्वारा निर्गत निर्देशानुसार रोपण एवं 10 वर्ष के अनुरखक्ष सहित बनाया जाये।	आनलाईन भाग–2 में सी0ए0 प्राक्कलन निर्धारित मानक के अनुसार संशोधित कर प्रस्ताव में चस्पा कर दिया गया है।
3	पुनः प्रस्ताव का आनलाइन/आफलाइन परीक्षण कर ले, ताकि कोई अन्य कमी न रहे।	पुनः प्रस्ताव का आनलाइन/आफलाइन परीक्षण कर लिया गया है।

संलग्नक–प्रस्ताव की 4 प्रतियॉं मूल में।

भवदीय,

(कन्हैया पटेल)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मुरादाबाद।

पत्रांक / दिनांकित।

प्रतिलिपिः– श्री कुमार अविनाश, टेरीटरी मैनेजर रिटेल, भारत पैट्रोलियम कार्पो0 लि0, आबू का मकबरा केसरगंज,मेरठ–250002 को विषयक कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(कन्हैया पटेल)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुरादाबाद।

Deepak/DM/GL7..doc 789

Scanned with CamScanner